तापमान
अधिकतम 37.3 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार, 20 अक्टूबर 2024

13 क्रांतिकारी मातंगिनी व निर्मला देशपांडे को नमन

14 गोहाना के विकास में कमी नहीं रहेगी : अरविंद शर्मा





## करवा चौथ पर बाजारों में रौनक, आज शाम 7.54 बजे से 'चांद' का दीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

करवाचौथ का त्योहार...साजो-श्रृंगार का सामान...और उसमें भी खनकती चूड़ियां... महिलाओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। सुहाग का शुभ संकेत माने जाने वाली चूड़ियों की खनक, उनकी चमक और रंग महिलाओं को बेहद लुभा रहे हैं। हिंदू धर्म में सुहागिनों की आस्था का प्रतीक करवाचौथ के व्रत को लेकर महिलाओं में उत्साह बना हुआ है। करवाचौथ पर महिलाएं न केवल व्रत रखती हैं, बल्कि सजने-संवरने को भी पूरी तवज्जो दे रही हैं। इसके लिए वह पूरा श्रृंगार का सामान पहले से ही खरीद रही हैं। जिस पर्व का सुहागन महिलाएं बेसब्री से इंतजार कर रही थी, वह इंतजार आज खत्म हो गया है। महिलाएं आज सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। बाजार व ब्यूटी पार्लरों पर देर रात तक किसी महिला ने हाथों पर मेहंदी के सुंदर डिजाइन बनवाए तो किसी न मेहंदी के डिजाइन में पति का नाम लिखवाया। रविवार रात 7 बजकर 54 मिनट पर चांद का दीदार होगा। जिसे देखकर महिलाएं अपना व्रत खोलेंगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि सुहागन महिलाओं के लिए करवा चौथ पर्व का विशेष महत्व है। करवा चौथ का व्रत दोनों के प्रेम व विश्वास को मजबूत बनाता है। उपहार से दोनों के रिश्तों में मजबूती आती है। करवाचौथ की पूर्व संध्या पर बाजार में खासी भीड़ नजर आई। बाजार में सुबह से ही दुकानों पर लगने वाली भीड़ को देखकर दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए हैं। हालांकि सजने-संवरने की सामग्री की कीमतों में दो से तीन गुणा वृद्धि हुई है, बावजूद इसके महंगाई का महिलाओं के इस त्यौहार पर कोई असर दिखाई नहीं दिया। दुकानदारों ने भी महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारियां की हुई है। महिलाओं की पहली पसंद हमेशा से ही चूड़ियां रही हैं। इस बार अलग-अलग तरह की चूड़ियों से बाजार सजे हुए हैं। बता दें कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को महिलाएं पतियों की लंबी आयु की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखती हैं। इसके लिए सुहागन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आज महिलाएं सोलह श्रृंगार कर चांद का दीदार करेंगी।

**लाल, मैरून व ओरेंज पर फिदा हो रही महिलाएं:**

बात चूड़ियों की हो या फिर परिधान की...दोनों में ही महिलाएं लाल, मैरुन व ऑरेंज रंग को तवज्जो दे रही हैं। कच्चे क्वार्टर स्थित राज क्लॉथ स्टोर संचालक ने बताया कि इस बार महिलाओं को लाल, मैरुन व ऑरेंज रंग बहुत लुभा रहा है। इन्हीं रंगों की ही चूड़ियां मैच कर रही हैं। यूं तो कांच और लाख की चूडियों को सुहाग का प्रतीक माना जाता है।


सोनीपत। करवाचौथ के मौके पर मेहंदी लगवाती महिलाएं।

### मेहंदी के रेट बढ़े

करवाचौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगाने वालों की चांदी रही। देर रात तक मेहंदी लगाने वालों के पास महिलाओं की भीड़ लगी रही। मेहंदी लगाने वाली महिलाओं की बढ़ी भीड़ को देखते हुए मेहंदी लगाने वालों ने भी रेट बढ़ा दिए। दो दिन पहले जहां मेहंदी 50 रुपये से शुरू हो रही थी, वहीं करवाचौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी के रेट 100 रुपये से शुरू होकर 1100 रुपये तक पहुंच गए। जबकि बुकिंग के रेट भी 1100 रुपये से 2100 रुपये तक रहे। शनिवार को रात करीब 1 बजे तक मेहंदी लगाने वालों के पास महिलाओं की भीड़ रही।

**पूजा का मुहूर्त व चंद्रोदय का समय**

**चतुर्थी तिथि प्रारंभ** : 20 अक्तूबर सुबह 6:46 से प्रारंभ होकर 21 की सुबह 4:16 बजे तक रहेगी।

**करवा चौथ व्रत तिथि** : उदय तिथि अनुसार 20 अक्तूबर

**व्रत पूजा मुहूर्त** : शाम 5:46 से 7:02 बजे तक

**चांद निकलने का समय** : रात 7:54 बजे

## सोनीपत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला कल

**सोनीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में 21 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला इंचार्ज सुनील दत ने बताया कि 50 से ज्यादा औद्योगिक प्रतिष्ठानों से लगभग 3000 रिक्तियां आईटीआई के पास आई हुई है और इस रोजगार मेले में जिला सोनीपत की सभी आईटीआई से पास आउट छात्रों के साथ-साथ पूरा हरियाणा प्रदेश से सभी आईटीआई के पासआउट बेरोजगार युवा साक्षात्कार मे भाग ले सकते हैं।




## युवक की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** सीआईए-1 सोनीपत पुलिस ने युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जोगेंद्र उर्फ गोला निवासी लाडपुर व संदीप उर्फ चामरा निवासी बरोणा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव बरोणा निवासी कमला ने 16 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि रवि ने उसके छोटे बेटे की हत्या की थी। उसी रंजिश को रखते हुए उसके बड़े लड़के की हत्या रवि, संदीप, संदीप पुत्र धर्मवीर, सोनू, मामन व सरदार के लड़के ने गोलियां मारकर कर दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले को सीआईए को सौंपा गया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक ओमबीर की टीम ने वारदात में शामिल चार आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से वारदात में प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## गाड़ियों को वापस न करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस टीम ने किराए की गाड़ियों पर जबरदस्ती कब्जा कर वापिस न देने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ऋषिपाल निवासी मटिंडू का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बैंयापुर निवासी मयंक ने गत दो अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने अपनी गाड़ियों को तीस हजार व पैंतीस हजार व तीसरी गाड़ी को तीस हजार व आर्टिका गाड़ी को चालीस हजार रुपये के हिसाब से ऋषिपाल को किराए पर दिया था। उसे दो माह तक उसके कोई किराया नहीं दिया। जब गाड़ियों को वापिस मांग तो गाड़ी वापिस नहीं दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले को सीआईए-1 को सौंपा गया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक ओमबीर ने बताया कि मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से चार गाड़ियों को बरामद कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण करके दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संजय निवासी अल्मोड़ा उत्तराखंड का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने 13 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, उन्हें जानकारी मिली कि उसकी बेटी को झांसा देकर संजय नाम का युवक भगा ले गया है। वह ढाबे पर काम करता था। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### हादसे में पेट्रोलिंग कर्मी की मौत

**सोनीपत।** कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर खरखौदा थाना क्षेत्र के पिपली टोल प्लाजा के पास एक सड़क हादसे में पेट्रोलिंग टीम के हेल्पर चौकर कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। चौकर कुमार वाहनों को निर्माण कार्य की चेतावनी देते हुए उनकी सुरक्षा कर रहा था, जब तेज रफ्तार कंटेनर ने उसे कुचल दिया। हादसा उस समय हुआ जब कंटेनर चालक ने अचानक लेन बदलते हुए चौकर कुमार को रौंद दिया। पेट्रोलिंग वाहन के चालक प्रवीन ने बताया कि उन्होंने चौकर को बचाने की कोशिश की, लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया और पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। प्रवीन की शिकायत पर पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 3.60 लाख रुपये की ठगी

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में शेयर मार्केट व आईपीओ में रुपये लगाकर मोटी कमाई का झांसा देकर रेजिडेंट से 3.60 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। एल्डिको काउंटी निवासी सुनील निझावन ने बताया कि 24 सितंबर को उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप-66 आरबीएल सिक्योरिटी में जोड़ा गया था। ग्रुप का एडमिन अर्जुन हिंदुजा थे। उन्होंने कस्टमर केयर पर कॉल की उन्हें मोबाइल नंबर पर 29 सितंबर को लिंक शेयर किया था। उन्होंने पहला आईपीओ केआरएन का लिया था। जिसकी कीमत 14300 रुपये थे। उन्होंने यह राशि शिव इंटरप्राइजेज को दी थी। उसके एवज में उन्हें बाद में 31018 रुपये मिले थे। उन्होंने एक अन्य आईपीओ शुभम पेपर का खरीदने की कोशिश की। उसकी कीमत छह लाख रुपये थे। उन्होंने इसके लिए पहले 3.60 लाख रुपये एकत्रित कर उन्हें दे दिए। उन्हें फिर एक अन्य लिंक दिया गया। जिसमें उन्होंने ज्वाइन कर लिया। अब 10 अक्टूबर से लिंक काम नहीं कर रहा है। उन्होंने आरबीएल के कार्यालय में टोल फ्री नंबर पर कॉल की तो पता चला की यह सब फर्जी है। उन्होंने दिए गए नंबर की कस्टमर केयर पर कॉल की तो उन्होंने कहा कि रुपये वापस लेने के लिए पहले 1.20 लाख रुपये देने होंगे। तब उन्हें पता लगा कि उनके साथ ठगी की जा रही है। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला के खाते से 2.60 लाख साफ

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में महिला के खाते से लाखों रुपये धोखाधड़ी करके नकदी निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने खाता बुक में एंट्री करवाई तो नकदी निकलने की जानकारी मिली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

गांव बड़ौली निवासी अनीता ने बताया कि उसके तीन खाते है। जिनमें वह अपनी बचाई पूंजी रखती है। गत 28 अगस्त को बहालगढ़ बैंक शाखा के खाते से चालीस हजार रुपये की राशि निकाली मिली। उसके बाद उसने खाता बुक में एंट्री करवाई। उसने घर पर पहुंचने पर खाता बुक की एंट्री में देखा कि उसके खाते से दो लाख साठ हजार रुपये की राशि निकाली गई है। उसके दूसरे खाते से नकदी को ट्रांसफर किया गया है। उसके साथ करीब छह माह से यह धोखाधड़ी चल रही है। जबकि उसके पास एटीएम आया था। उसने उसे चालू नहीं किया था। उसके बावजूद खाते से राशि को निकालकर धोखाधड़ी करने का काम किया है। महिला ने बताया कि उसने अपने जेठ के घर में पूछताछ की। उसके भतीजे के लड़के देव ने बताया कि एक दिन वह मोबाइल चलाते समय गलती से एक लिंक पर क्लिक हो गया था।



## मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प

# एक साल में 56% तक रिटर्न

● शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद भी बढ़िया रिटर्न देने में अव्वल ● म्यूचुअल फंड के जरिये संतुलित निवेश करने से नहीं होती परेशानी ● लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता, लक्ष्य तक पहुंचाता है

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में उथल पुथल के बावजूद मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहे हैं और निवेशकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। मल्टीकैप फंडों ने एक साल में 56% तक का रिटर्न दिया है। इससे एसआईपी के जरिये निवेश करने वालों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इन फंडों में निवेश के लिए जरूरी है थोड़ा सा संयम के साथ निवेश किया जाए और अपने वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे एसआईपी के जरिये पैसे लगाएं। इससे आसानी निवेश को बढ़ा पाएंगे। मल्टीकैप फंड बिकवाली के दौर में ग्रोथ पर रहे हैं। पिछले छह कारोबारी दिनों में निवेशकों के करीब 20 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं। ऐसे में रिटेल इनवेस्टर्स परेशान हैं। हां, जिन्होंने म्यूचुअल फंड में निवेश किया और संतुलित निवेश करने वाले फंड में पैसे लगाए हैं, वे बेफिक्र हैं। चूंकि कहा भी गया है कि लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता और आसानी से निवेश के लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसलिए बाजार के जानकार सुझाव देते हैं कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं।



### संतुलित निवेश कहां

पर्सनल फाइनेंस के जानकारों का कहना है कि संतुलित निवेश के लिए मल्टीकैप फंड एक बेहतर साधन हो सकता है। यह एक ऐसी स्कीम है जो सभी मार्केट कैप मतलब कि लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप में निवेश करती है। बाजार की गिरावट में जहां लार्ज कैप शेयर सुरक्षा प्रदान करते हैं वहीं मिड और स्मॉल कैप शेयर फायदा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोई भी एक मार्केट कैप लगातार बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। इसलिए निवेशकों को एसेट अलोकेशन के तहत सभी मार्केट कैप में निवेश करना चाहिए।

### डायवर्सिफिकेशन का फायदा

निवेश गुरुओं का कहना है कि आपके गुलदस्ते में हर तरह के फूल होने चाहिए। बस, इसी सिद्धांत पर मल्टीकैप फंड चलता है। उनका जोखिम और रिटर्न एक बाजार पर केंद्रित होने के बजाय पूरे बाजारा पूंजीकरण पर केंद्रित होता है। आप भी देखिए कि हर बाजार का रिटर्न अलग रहा है। सालाना आधार पर साल 2023 में निफ्टी 100 टीआरआई का रिटर्न 21 फीसदी रहा है जबकि निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई का रिटर्न 45 फीसदी रहा है। निफ्टी स्मॉलकैप 250 टीआरआी का भी रिटर्न 49 पर्सेंट रहा है। मल्टीकैप में एक जाना माना नाम एक्सिस म्यूचुअल फंड है। इस फंड ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक निवेशकों को लगातार बेहतर फायदा दिया है।

### मल्टी कैप फंड क्या हैं

मल्टी-कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में निवेश करती है। मल्टी-कैप फंड में, कुल एसेट का न्यूनतम 75% इक्विटी और इक्विटी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट में इन्वेस्ट करना आवश्यक है। इसके अलावा, ये फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में कम से कम 25% इन्वेस्ट करने की उम्मीद है।

### मल्टी कैप फंड कैसे काम करते हैं

मल्टी-कैप फंड में मार्केट कैपिटलाइज़ेशन में कंपनियों के स्टॉक में इन्वेस्ट करने की सुविधा होती है, जब तक वे ऊपर उल्लिखित 25% शर्तों को बनाए रखते हैं। हालांकि, प्रत्येक पूंजीकरण में निवे श का वितरण फंड मैनेजर की रणनीति पर निर्भर करता है। इक्विटी जोखिम भरा होता है, लेकिन उनके भीतर, जोखिम की मात्रा अलग-अलग होती है। व्यापक स्टॉक मार्केट के आधार पर, फंड मैनेजर रिटर्न को अधिकतम करने के लिए होल्डिंग को एडजस्ट कर सकता है।

### किस फंड हाउस का कितना रिटर्न

हम यहां मल्टीकैप के वैसे फंडों का जिक्र कर रहे हैं, जिन्होंने बीते एक साल में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इनमें एक्सिस के मल्टीकैप ने सर्वाधिक 56.02 फीसदी का रिटर्न दिया है। कोटक मल्टीकैप की स्कीम ने 52.83 फीसदी, एचएसबीसी की स्कीम ने 51.90 फीसदी और एलआईसी मल्टीकैप की स्कीम ने 51.37 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने इन फंडों में एक साल पहले एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो एक ही साल में वह रकम अब 1.56 लाख रुपये हो गई होती।

### कहां होता है निवेश

मल्टीकैप फंड लार्जकैप, मिडकैप,स्मॉलकैप और डायनॉमिक में 25-25 फीसदी का निवेश करता है। आपको पता ही होगा कि लार्जकैप फंड बड़ी कंपनियों में निवेश करता है। मिडकैप फंड मिडकैप कंपनियों के अवसरों को पकड़ता है, जबकि स्मॉलकैप उभरते हुए अवसरों में निवेश करता है। अगर एक्सिस म्यूचुअल फंड के मल्टीकैप की बात करें तो इसने सर्वाधिक निवेश वित्तीय सेवाओं, ऑटोमोबाइल और उसके कलपुर्जे, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, आईटी, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल में किया है। यह सभी ऐसे सेक्टर हैं जो बाजार के हर माहौल में निवेशकों को सुरक्षा देने के साथ साथ उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देते हैं।

### मल्टी-कैप फंड के प्रकार

#### लार्ज-कैप-फोकस्ड फंड

इन फंड में, फंड मैनेजर लार्ज कैप फंड को अधिक वेटेज देता है जो समग्र पोर्टफोलियो को अधिक स्थिरता प्रदान करने की संभावना होती है। यह फंड मैनेजर को मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के मिश्रण में शेष कॉर्पस को निवेश करने के लिए लीवे देता है, जिनमें अच्छे विकास के अवसर और रिटर्न प्रदान करने की क्षमता होती है।

#### मिड-कैप स्मॉल-कैप फोकस्ड फंड

इन फंड में, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के लिए वेटेज दिया जाता है। इस प्रकार, ये फंड मिड-कैप्स और स्मॉल कैप फंड से अधिक आक्रामक दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं, लार्ज-कैप स्टॉक से जोखिम भरा हो सकता है लेकिन बेहतर रिटर्न प्रदान करने की क्षमता रखते हैं।

#### कोई विशिष्ट फोकस नहीं

इन प्रकार के मल्टी-कैप फंड प्रत्येक मार्केट कैप में आवश्यक न्यूनतम निवेश करने के अलावा किसी विशेष मार्केट कैप पर ध्यान नहीं केंद्रित करते हैं। लार्ज-कैप्स, मिड-कैप्स और स्मॉल-कैप्स के बीच का वेटेज फंड मैनेजर की स्ट्रेटेजी, स्टॉक वैल्यूएशन और मार्केट की कुल स्थितियों के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।



## पीपीएफ में 15 की बजाय 20 साल तक करें निवेश मिलेगा बढ़िया लाभ

- फिर हर महीने 40 हजार रुपये होगी अर्निंग
- अकाउंट में 66 लाख बना रहेगा बैलेंस
- पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है
- इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है

मनी मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर बुढ़ापे में सिक्योर होना चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है। इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है यानी आप इसे 5 साल-5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। इससे आपका अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप मौजूदा ब्याज दर पर 20 साल तक पीपीएफ अकाउंट को निवेश के साथ जारी रखते हैं तो इसके जरिए 66 लाख रुपये फंड जुटा सकते हैं। अगर आप चाहें तो 20 साल बाद यह 66 लाख पूरी तरह सुरक्षित रखते हुए इसी अकाउंट से आप मंथली 40 हजार रुपये या सालाना 4.73 लाख रुपये इनकम कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको इसकी पूरी जानकारी देंगे।

- एक वित्त वर्ष में मैक्सिमम डिपॉजिट : 1.50 लाख रुपये
- ब्याज दर : 7.1 फीसदी सालाना
- 15 साल में कुल जमा : 22,50,000 रुपये
- 15 साल बाद कुल फंड : 40,68,209 रुपये
- 20 साल में कुल जमा : 30,00,000 रुपये
- 20 साल बाद कुल फंड : 66,58,288 रुपये

### कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट

कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट कोई भी भारतीय नागरिक पोस्ट ऑफिस में यह अकाउंट अपने या अपने बच्चे के नाम पर खोल सकता है। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं. इसके लिए जरूरी डॉक्युमेंट ये हैं। किसी व्यक्ति की पहचान को सत्यापित करने वाले केवाईसी दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, नॉमिनी की घोषणा के लिए फॉर्म पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होगी।

### एक्सटेंड करने पर कैसे मिलता है ब्याज

15 साल की मैच्योरिटी के बाद पीपीएफ को एक बार में 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। 5 साल बाद फिर इसे 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। अगर आप 15 साल की मैच्योरिटी के बाद निवेश किए स्कीम को एक्सटेंड करते हैं तो 15 साल बाद क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलता रहेगा। वहीं अगर निवेश के साथ इसे एक्सटेंड करते हैं तो स्कीम में उसी तरह से ब्याज पर ब्याज जुड़ेगा, जैसे मैच्योरिटी के पहले। जब आप निवेश के साथ स्कीम को 5 साल के लिए एक्सटेंड करते हैं तो एक साल में 60 फीसदी तक रकम निकाल सकते हैं।

### पीपीएफ : 15+5 साल के लिए निवेश

पीपीएफ में मैच्योरिटी तक यानी 15 साल तक हर फाइनेंशियल ईयर में अधिकतम जमा करें तो मौजूदा ब्याज दर के हिसाब से कुल 40,68,209 रुपये का फंड जुटाया जा सकता है, लेकिन अगर इसे आगे 5 साल के लिए बढ़ाते हैं तो 20 साल बाद आपके पास करीब 66 लाख रुपये का फंड होगा। पीपीएफ अकाउंट को आप 15 साल के लिए एक बार में 5 साल- 5 साल के लिए बढ़ा सकते हैं। यानी निवेश जारी रखने के साथ 20 साल की बजाय 25 साल भी अकाउंट एक्सटेंड हो सकता है। 25 साल तक अकाउंट जारी रखने पर आपके पास 1 करोड़ रुपये का फंड होगा। इस क्लोजिंग बैलेंस पर अगले 5 साल आप हर महीने 60 हजार रुपये इनकम कर सकते हैं।

### 20 साल बाद ऐसे होगी मंथली इनकम

ऊपर कैलकुलेशन में साफ है कि पीपीएफ अकाउंट 5 साल के लिए एक्सटेंड करने पर आप करीब 66.50 लाख रुपये फंड बना सकते हैं। अगर आप इसके बाद बिना कुछ निवेश किए इस अकाउंट से मंथली इनकम चाहते हैं तो इसके लिए खास नियम है। यहां एक्सटेंड करने का ही नियम आपके काम आएगा। 20 साल बाद आपको फिर 5 साल के लिए यह अकाउंट एक्सटेंड करना होगा, लेकिन बिना कुछ निवेश किए। अगर आप स्कीम को बिना कुछ निवेश किए 5 साल के लिए एक्सटेंड किया है तो आपको क्लोजिंग बैलेंस पर सालाना ब्याज मिलेगा। वहीं हर साल एक बार आप पूरी रकम का कितना फीसदी भी निकाल सकते हैं। यह 100 फीसदी तक हो सकता है। यहां 66.58 लाख रुपये के क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलेगा। यह एक साल में 4,72,738 रुपये होगा। आप एक साल में एक बार में इस पूरी ब्याज की रकम को निकाल सकते हैं। इसे 12 महीनों में बांट दें तो करीब 39,395 रुपये महीना होगा। वहीं इस निकासी पर कोई टैक्स भी नहीं लगेगा। खास बात यह है कि आपका 66.58 लाख रुपये का बैलेंस सुरक्षित बना रहेगा।

## एक साल में 65% से ज्यादा मुनाफा देने वाली म्यूचुअल फंड की स्कीम

- लॉन्ग टर्म एसआईपी रिटर्न में भी रही चैंपियन
- म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की तरह दे रही रिटर्न
- इन स्कीमों में निवेशकों ने कमाया बढ़िया मुनाफा
- छोटे से अमाउंट से भी बना दिया करोड़ों का फंड
- लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत

जानकारी
बिजनेस डेस्क

एक साल के लिए आप कहीं पैसा लगाएं और आपको 65 से 85 फीसदी रिटर्न मिल जाए। आप सोच रहे होंगे कि ऐसा तो स्टॉक मार्केट में ही पॉसिबल है, लेकिन अब म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की ही तरह रिटर्न देने लगी हैं। बाजार में ऐसे कई इक्विटी म्यूचुअल फंड हैं, जिनमें सिर्फ 1 साल में 65 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिल गया है। वहीं, इसका लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत है। तभी तो इन स्कीम ने 5 साल की एसआईपी का रिटर्न चेक करें तो ये चैंपियन साबित होती हैं। ऐसे फंडों में पैसा लगाने से निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिल सकता है और वे अपने छोटे से अमाउंट को को बढ़िया फंड में तबदील कर सकते हैं। हालांकि कहा भी गया है कि शेयर बाजार का रिटर्न रिस्क के अधीन होता है, लेकिन कुछ म्युचुअल फंडों ने बढ़िया रिटर्न देकर निवेशकों को रिझाया है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ फंड जो 1 साल का रिटर्न 65 फीसदी या इससे ज्यादा दे रहे हैं।

### इन फंडों का रिटर्न रहा बेहतर

#### सीपीएसई ईटीएफ
- 1 साल में रिटर्न : 85.71%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 48.65%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 19,24,588 रुपये

#### मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड
- 1 साल में रिटर्न : 72.56%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 42.86%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,89,128 रुपये

#### एलआईसी एमएफ इंफ्रास्ट्रक्चर फंड
- 1 साल में रिटर्न : 68.39%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 39.01%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 15,46,959 रुपये

#### बंधन इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड
- 1 साल में रिटर्न : 66.42%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 41.57%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,40,280 रुपये

#### निप्पॉन इंडिया निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस एफओएफ
- 1 साल में रिटर्न : 66.35%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,94,003 रुपये



#### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ
- 1 साल में रिटर्न : 66.11%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.21%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,786 रुपये

#### यूटीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ
- 1 साल में रिटर्न : 66.09%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.22%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,860 रुपये

#### एसबीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ
- 1 साल में रिटर्न : 66.06%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.13%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,99,536 रुपये

#### निप्पॉन इंडिया ईटीएफ निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस
- 1 साल में रिटर्न : 66%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.08%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,98,042 रुपये

#### डीएसपी निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड
- 1 साल में रिटर्न : 65.68%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 27.93%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,93,855 रुपये

### स्टॉक मार्केट से सेफ है म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं. इससे पोर्टफोलियो डायवर्सिफाइड हो जाता है।

### रिटर्न मिलने के चांस क्यों ज्यादा

म्यूचुअल फंड में काबिल और अनुभवी फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले।

*(डिस्क्लेमर : किसी भी इक्विटी फंड में पुराना रिटर्न आगे भी जारी रहेगा या नहीं, इसकी गारंटी नहीं है। यह भविष्य में कायम भी रह सकता है और नहीं भी। बाजार में जोखिम होती है, इसलिए निवेश के पहले एक्सपर्ट की सलाह लें।)*

## सितंबर में एसआईपी के जरिये नई ऊंचाई पर पहुंचा निवेश



- एसआईपी एयूएम ने भी नाया नया रिकॉर्ड
- एएमएफआई की रिपोर्ट में दावा, सितंबर 2024 में 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुईं -म्यूचुअल फंड फोलियो और रिटेल फोलियो भी नई ऊंचाई पर पहुंचे
- निवेशकों ने जमकर पैसा कमाया, आगे भी बढ़त जारी रहने के आसार
- म्यूचुअल फंड एसआईपी ने सितंबर 2024 में बनाया नया कीर्तिमान

जानकारी
बिजनेस डेस्क

बाजार में निवेश के लिए कई स्कीमें मौजूद हैं, जो लोगों को लुभाती रहती हैं। लेकिन एसआईपी के जरिये निवेश करना और लंबी अवधी के लिए किया गया निवेश कभी भी आपको रुसवा नहीं करता। लक्ष्य तय कर निवेश करने से कभी नुकसान नहीं होता। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता को भी देख लेना चाहिए। इस बार सितंबर माह को देखा जाए तो एसआईपी के जरिये किया गया निवेश नई ऊंचाई पर पहुंचा और निवेशकों ने बढ़िया रिटर्न बटोरा है। जानकारों को कहना है कि सितंबर में करीब 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुई हैं। जो बढ़िया रिटर्न दे सकती हैं। सितंबर 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) में कंट्रीब्यूशन और एयूएम (एसेट्स अंडर मैनेजमेंट) दोनों ही अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं।

### इसलिए सितंबर रहा खास

इसके अलावा सितंबर 2024 इसलिए भी खास रहा है कि इस साल इस माह में कुल मिलाकर 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुईं, जो सभी ओपन-एंडेड कैटेगरी में थीं। इन स्कीम्स ने कुल 14,575 करोड़ रुपये जुटाए। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच लगातार पॉपुलर बने हुए हैं और लोग इन्हें बेहतर इन्वेस्टमेंट ऑप्शन के तौर पर बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि लंबे समय तक एसआईपी के जरिये किया गया निवेश बढ़िया मुनाफा दे सकता है, यदि धैर्य रखा जाए तो यह निवेश का एक बेहतर ऑप्शन है।



### सितंबर 2024 में एसआईपी कंट्रीब्यूशन और एयूएम का रिकॉर्ड

सितंबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी के जरिए निवेशकों ने 24,508.73 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्त 2024 में यह योगदान 23,547.34 करोड़ रुपये था, जिससे सितंबर में यह योगदान लगभग 4% बढ़ा है। इसके अलावा, एसआईपी एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) ने भी एक नया रिकॉर्ड बनाया और 13,81,703.94 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा, जो अगस्त 2024 में 13,38,944.73 करोड़ रुपये था। इस तरह से आंकड़े दर्शाते हैं कि एसआईपी के जरिये निवेश लोगों के लिए अहम और बढ़िया रिटर्न देने वाला साबित होते जा रहा है।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल संपत्ति

सितंबर 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का कुल नेट एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 67,09,259.24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो अगस्त 2024 में 66,70,305.14 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, 43 महीनों से लगातार इक्विटी में सकारात्मक इनफ्लो देखने को मिल रहा है, जो मार्च 2021 से चला आ रहा है।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एसआईपी से जुड़े आंकड़े

- सितंबर में एसआईपी कंट्रीब्यूशन: 24,508.73 करोड़ रुपये
- सितंबर में एसआईपी एयूएम : 13,81,703.94 करोड़ रुपये
- सितंबर में एसआईपी अकाउंट्स की संख्या: 9,87,44,171 (अगस्त में 9,61,36,329 थी)
- सितंबर में नए एसआईपी रजिस्ट्रेशन: 66,38,857

### म्यूचुअल फंड फोलियो और रिटेल एयूएम

- सितंबर में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या: 21,05,15,684 (अब तक की सबसे ज्यादा)
- सितंबर में रिटेल एमएफ फोलियो: 16,81,61,366
- सितंबर में रिटेल एयूएम : 40,44,098 करोड़ रुपये

### म्यूचुअल फंड्स वेल्थ क्रिएशन का भरोसेमंद जरिया

जानकारों का कहना है कि सितंबर 2024 के आंकड़े म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की स्थिरता और बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। एसआईपी के जरिए निवेशकों का लगातार निवेश करना यह दिखाता है कि म्यूचुअल फंड्स लंबी अवधि के लिए वेल्थ क्रिएशन का एक भरोसेमंद साधन बन गए हैं। कुल मिलाकर सितंबर का महीना म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए काफी बढ़िया रहा है। एसआईपी के जरिए निवेश में लोगों का भरोसा और बढ़ा है, और इंडस्ट्री ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। अगर आप भी म्यूचुअल फंड्स के जरिए अपने फाइनेंशियल टार्गेट हासिल करना चाहते हैं, तो एसआईपी के जरिये अनुशासित ढंग से लंबी अवधि के लिए निवेश की रणनीति पर अमल कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 66 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** शनिवार को गांव मदीना में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। दोनों आयोजन साथ-साथ चले जो अम्बा मेडिकोज द्वारा आयोजित किए गए। नेत्र जांच शिविर में 230 लोगों के नेत्रों की जांच की गई जिनमें 30 लोगों के नेत्रों में मोतियाबिंद मिला। रक्तदान शिविर में 66 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया कैमिस्ट एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य एवं गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप चहल व जिला सोनीपत कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सतपाल सिंह रहे। दोनों अतिथिगणों ने नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर का रिबन काटकर उद्घाटन किया। अध्यक्षता मेजबान अम्बा मेडिकोज के प्रोपराइटर मोहित गहलावत ने की। नेत्र रोगियों को अम्बा मेडिकोज द्वारा दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई।

## विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में 32 टीमों ने लिया हिस्सा

# अंशिका, मुस्कान व निशा प्रथम



**सोनीपत।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाल प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत**

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टॉउन में शनिवार को विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूसरे दिन सोनीपत के आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अंशिका, मुस्कान वर्मा व निशा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ पांच टीमें अब जोनल स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। पहले पांच स्थानों पर रही टीमों में शामिल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। दो दिवसीय विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के दूसरे दिन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंधित स्कूलों के नौवीं से 12वीं कक्षा की 32 टीमों ने प्रतिभागिता की। एक घंटे की लिखित परीक्षा के बाद टॉप आठ टीमों का चयन किया गया। इन टीमों को मुख्य प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया गया। प्रतिभागी टीमों से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। अंत तक सर्वश्रेष्ठ पांच टीमों का चयन जोनल स्तर के लिए किया गया है। जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता अक्तूबर माह के अंतिम दिनों में आयोजित की जाएगी।

**हरियाणा बोर्ड के स्कूलों का परिणाम**

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम | अंशिका, मुस्कान वर्मा, निशा | आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत |
| द्वितीय | प्रज्ञा, वैभव, देवांशु राठी | एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत |
| तृतीय | राजीव, राजेश, संदीप | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कथूरा |
| चतुर्थ | कोमल, याशी, अनुप्रिया | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुंडली |
| चतुर्थ | मीना, स्वाती, लक्ष्मी | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत |

**सीबीएसई स्कूलों का परिणाम**

| स्थान | विजेता | स्कूल |
|---|---|---|
| प्रथम | आदित्य, वंशिका, यतिन | लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत |
| द्वितीय | दिपिका, प्रांजलि, अनुष्का | कल्पना चावला विद्यापीठ, खरखौदा |
| तृतीय | दीपक, निश्चय, प्रवित शर्मा | राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन, सोनीपत |
| तृतीय | सलोनी, आदित्य, नियति | डीएवी मल्टीपरपज स्कूल, सेक्टर-15, सोनीपत |
| तृतीय | आयुष, सक्षम, हिमांशु | नालंदा इंटरनेशनल स्कूल, गोहाना |

## निराले बाबा के प्रवचन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर




**सोनीपत।** सैक्टर 15 स्थित दिव्यानंद निराले बाबा प्रवचन स्थल के परिसर में राष्ट्रसंत, समन्वय मिशन के संस्थापक, डॉ. जैन आचार्य दिव्यानंद महाराज साहब (निराले बाबा) के पावन सानिध्य में त्रिदिवसीय समन्वय मिशन गुरू भक्त सम्मेलन की पूर्व संध्या में प्रथम दिवस प्रातःकालीन सम्मेलन सत्र में विचार विमर्श करते हुए कहा कि प्रश्न है बुड्ढा कौन है? पर्याय हैं उम्र 80 साल की हो गई, 100 साल की, बाल सफेद हो गए हैं, झुरिया आ गई हैं जिसमे उत्साह उमंग नहीं है? तो उत्तर है जिसमें उत्साह, उमंग नहीं है।

आश्रव को जानो और छोड़ो और छोड़ने के लिए नियम लो, दूसरा कोई उपाय नहीं है ,यह नियम बंधन नहीं है बल्कि सुरक्षा है आत्मा की यह बंधन से मुक्त होने का उपाय है बंधन तो दो है राग और द्वेष के, तीर्थंकर भगवान भी जब तक नियम नहीं लेते तब तक यह दो बंधन से मुक्त नहीं होते और उसके सिवाय उनको चौथा मनः पर्यव ज्ञान भी नहीं।

## तरुण वर्ग में गीता विद्या मंदिर की टीम अव्वल

**गोहाना।** विद्या भारती द्वारा पंजाब के मोहाली में क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव में प्रश्न मंच की स्पर्धा में गीता विद्या मंदिर गोहाना से मुस्कान, रिद्धि और दीपांशु ने तरुण वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य अश्विनी कुमार और विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने बधाई दी। महोत्सव शुक्रवार को प्रारंभ हुआ और शनिवार को संपन्न हुआ। दूसरी तरफ विद्यालय में शनिवार को अर्धवार्षिक परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि अभिभावकों को विद्यार्थियों की दिनचर्या, लक्ष्य निर्धारण, पारिवारिक वातावरण, स्वाध्याय, सुलेख, खानपान आदि के बारे में बताया गया। अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों को अपनी देखरेख में मोबाइल का प्रयोग करने दें। इसके साथ स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि आज मात्र अंको का ही महत्व नहीं है अपितु व्यावहारिक पक्ष भी मजबूत होना आवश्यक है।

## जगुआर हाउस ने लैपर्ड हाउस को हरा कर जीता फुटबॉल का खिताब

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित इंटर हाउस अंडर-14 फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में जगुआर हाउस की टीम ने कड़े मुकाबले में लैपर्ड हाउस की टीम को 1 -0 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया। जगुआर हाउस के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार यह खिताब हासिल किया। जगुआर हाउस के स्टार खिलाड़ी रूद्र ने मैच के अंतिम क्षणों में शानदार गोल दाग कर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले स्कूल के डायरेक्टर अंकित जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने इंटर हाउस फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। अंकित जैन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। पूरे चैंपियनशिप में विजेता बनी जगुआर हाउस की तरफ से आदित्य, जीत, मयंक, हर्षित, नवदीप, रूद्र, प्रतीक, भेदवयांश, रौनक, भव्य, विपिन व तेजस आदि ने अपने कोच मंजीत की देखरेख में शानदार खेल का प्रदर्शन किया।




**खरखौदा।** कुनाल राठी का स्वागत करते एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया।

## एशियन पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप में कुनाल राठी ने कांस्य जीता

**खरखौदा।** 8 वीं सीनियर एशियन पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप बुखारा, उज्बेकिस्तान में आयोजित की गई। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा के कुनाल राठी ने 50 किग्रा भारवर्ग में ब्राँज मेडल जीतकर देश, प्रदेश, जिला व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। कुनाल राठी का खरखौदा बस स्टैंड से प्रताप स्कूल खरखौदा तक ढ़ोल नगाडों के साथ भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय प्रांगण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल, प्राचार्या दया दहिया, कोच जगमेन्द्र पांचाल, कुनाल के पिता विजय राठी, माता, विद्यालय स्टॉफ ने फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल खरखौदा ने बताया कि कुनाल नेशनल लेवल पर 6 बार पदक प्राप्त कर चुका है। पेंचक सिलाट कोच जगमेन्द्र पांचाल ने बताया कि विद्यालय के पेंचक सिलाट के खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल पर 1, नेशनल लेवल पर 72 व स्टेट लेवल पर 135 पदक प्राप्त कर चुके हैं। कुनाल राठी ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, कोच व प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया जिसकी देखरेख में उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।




**खरखौदा।** द स्टेनफोर्ड स्कूल में प्रदर्शनी में प्रस्तुती देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## स्कूल में लगाई गई विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और चित्रकला प्रदर्शनी

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल थाना खुर्द में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और चित्रकला विषय के अनेक उप-विषयों पर शनिवार को शानदार प्रदर्शिनी लगाई गई। जिसमें कक्षा पहली से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने पेड़- पौधे , पर्यावरण , यातायात, पवन चक्की , सौरमंडल , चंद्रयान- 3 , ऊतक(शैल) , मृदा अपरदन , घर के विभिन्न रूप तथा बेकार वस्तुओं से सृजनात्मक रूप देकर फूलदान फूलझड़ी ,गुलदस्ता, फोटो फ्रेम, कांच बोतल, पेंटिंग, सजावट युक्त गणेश- सरस्वती तथा अनेक अन्य घर को सजावट रूप देने के लिए प्रस्तुति दी। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया और निदेशक पूजा दहिया ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि अध्ययन कार्य के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। जिनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ पुरस्कार प्राप्त करना नहीं होता, बल्कि प्रकृति के अनुरूप पर्यावरण में पाए जाने वाले प्राकृतिक तत्वों का उपयोग करके संतुष्ट योजना बनाई जा सकती है। प्रधानाचार्य संजीत कुमार नैन ने विद्यार्थियों के साथ अध्यापकों के सहयोग की सराहना की और बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## क्रांतिकारी मातंगिनी व निर्मला देशपांडे को नमन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना**



**गोहाना।** दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शनिवार को रोहतक रोड स्थित चोपड़ा कालोनी में क्रांतिकारी मातंगिनी हाजरा व सामाजिक कार्यकर्ता डा. निर्मला देशपांडे की जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा देश को आजाद कराने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मातंगिनी हाजरा ने गोलियां लगने के बाद तिरंगा झंडा नीचे नहीं गिरने दिया था। वे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की अमर बलिदानी हैं। उन्हें प्यार से गांधी बुरी के नाम से जाना जाता था। उनका जन्म 1869 में आज ही के दिन पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के होगला गांव में एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। हाजरा ने नारीशक्ति की परंपरा को आगे बढ़ाने और देश को आजाद करने में अपना पूरा जीवन लगाया। 29 सितंबर 1942 को ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें गोलियां मारी और वे बलिदान हो गईं। सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता खेमचंद प्रजापति ने कहा कि डा. निर्मला देशपांडे एक ऐसी प्रसिद्ध कार्यकर्ता थी जिन्होंने भारतीय राजनीति और इतिहास में अविस्मरणीय छाप छोड़ी। इस मौके पर विजेंद्र शर्मा, राजदेव आर्य, संदीप, सुनीता, प्रभु दयाल, रजवंती, कृष्णा, देवेंद्र, सुभाष, ललिता, विक्रांत, शैली, सानवी मौजूद रहे।




**खरखौदा।** प्राध्यापिकाओं को मेहंदी लगाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रकोष्ठ ने किया मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज . खरखौदा**

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' सेल के अंतर्गत करवाचौथ के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विभिन्न संकायों की छात्राओं ने उत्साह के साथ इस मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया। महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं ने खुशी से अपने हाथों पर मेहंदी लगवाई और छात्राओं द्वारा बनाए गए मेहंदी के सुंदर डिजाइन को सराहते हुए उन्हें नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ पूनम ने किया।

## न्यूज डायरी

### स्कूल में हुआ निःशुल्क मेहंदी लगाओ कार्यक्रम



**खरखौदा।** सांपला रोड स्थित एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में करवाचौथ के उपलक्ष में माताओं व बहनों के लिए निःशुल्क मेहंदी रचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की मेहंदी क्लब की छात्राओं द्वारा माताओं व बहनों के हाथों पर मेंहदी रचाई गई। विद्यालय में करीब 150 महिलाओं के हाथों पर मेंहदी लगाई गई। साथ ही आने वाले अभिभावकों के लिए चाय नाश्ते का आयोजन किया गया। अभिभावकों के अतिरिक्त विद्यालय के आस पड़ोस की महिलाओं को भी छात्राओं द्वारा मेंहदी लगाई गई। विद्यालय में समय समय पर चारों सदनों के मध्य मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं। परंतु यह पहली बार हुआ है कि विद्यालय द्वारा करवाचौथ के उपलक्ष में निःशुल्क माताओं व बहनों को मेहंदी लगाई गई है।

### धन, सफलता और भौतिक वस्तुएं क्षणिक : डा. मणिभद्र

**सोनीपत।** नेपाल केसरी, राष्ट्रसंत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ. मणिभद्र मुनि महाराज ने कहा कि हम जीवन में कई चीजों को अपना लक्ष्य मानते हैं, जैसे धन, सफलता, और भौतिक वस्तुएं। लेकिन ये सभी चीजें क्षणिक और अस्थायी हैं। धन, जिसे हम सुरक्षा और सुख का प्रतीक मानते हैं, वास्तव में एक अस्थायी वस्तु है। यह कभी भी आ सकता है और कभी चला भी जा सकता है। हमारा शरीर एक दिन बूढ़ा होगा और हमें छोड़ जाएगा। जीवन का चक्र हमें बताता है कि शारीरिक शक्ति और सुंदरता समय के साथ घटती जाती है। डॉ. मणिभद्र मुनि महाराज शहर के गुड मंडी स्थित श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चतुरमास के दौरान उपस्थित भक्त जनों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. मणिभद्र मुनि महाराज ने कहा कि कई लोग आज बहुत समृद्ध हैं, लेकिन कल की स्थिति में वे निर्धन भी हो सकते हैं।



### दीक्षांत समारोह में प्रस्तुत की वार्षिक रिपोर्ट

**सोनीपत।** गेटवे एजुकेशन शिक्षण संस्थान में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सकयों में उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानजनक रूप से डिग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर एम.प्लान, बी. आर्क, बी.टेक (कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग), बीसीए, बीबीए और एमबीए के छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे।




समारोह में मुख्य अतिथि, स्कूल ऑफ़ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, दिल्ली के निदेशक, डॉ. वीरेंद्र के. पॉल ने सभी छात्रों एवं उनके परिजनों को संबोधित किया, जबकि गेटवे एजुकेशन के निदेशक जनरल डॉ. (कर्नल) अमिक गर्ग ने संस्थान की उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसी दौरान डॉ आकाश गुप्ता (डायरेक्टर,एड्मिशन एंड प्लेसमेंट्स) ने छात्रों का स्वागत किया। इसके पश्चात डॉ विनय कुमार सिंघल (प्राचार्य, गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) ने छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर अन्य विशिष्ठ अतिथियों के तौर पर अरुण गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### वालीबॉल स्पर्धा में वायु सदन की टीम विजेता

**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा रोड पर जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को स्कूल के खेल विभाग की ओर से वालीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता में स्कूल के चारों सदनों (अग्नी, अम्बर, पृथ्वी, वायु) के मध्य अयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने किया। शारीरिक शिक्षा के अध्यापक अशोक वशिष्ठ व पूजा ने बताया कि प्रतियोगिता में वॉलीबॉल को शामिल किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सबसे पहले अम्बर और अग्नि सदन के मध्य मैच में अग्नि सदन में 20-21 से जीत हासिल की। स्कूल के प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश ने विजेताओं को बधाई दी।



### विद्यार्थियों ने किया ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण

**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय पिपली के इतिहास विभाग की ओर से प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के सहयोग से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें 32 विद्यार्थियों के एक दल ने राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली व ऐतिहासिक लाल किले के संग्रहालय का दौरा किया। विद्यार्थियों ने 1857 की क्रांति मुगल काल, हड़प्पा कालीन, कुशंकालीन, कनिष्कलां धरोहरों को देखा और उनके बारे में ज्ञानवर्धन किया। भ्रमण का आयोजन विभाग अध्यक्ष किरण सरोहा, टूर इंचार्ज गीता शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें रवि ने अपेक्षित सहयोग किया।



### मेहंदी प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा

**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की छात्राओं ने अध्यापिकाओं को मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय में चारों ओर खुशी का माहौल था। छात्राएं भी इस आयोजन के लिए बहुत उत्साहित रही। गरुशां, निहारिका, निशा, प्रीतिका, किशोरी, अंजली, भूमि ने तो इतनी अच्छी मेहंदी लगाई कि सभी हतप्रभ रह गए। प्रतिभागियों को उपहार भी दिए गए। विद्यालय के प्रबंधक राकेश जैन, प्राचार्या व प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने विद्यार्थियों के अथक परिश्रम की सराहना की तथा सभी अध्यापिकाओं को व्रत की बधाई दी तथा उनके अखंड सुहाग की मंगल कामना की।



### गणित-विज्ञान प्रश्नोत्तरी में नालंदा स्कूल रहा प्रथम

**गोहाना।** जिलास्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को शनिवार को सम्मानित किया गया। प्राचार्य सुभाष कुमार के अनुसार शिक्षा विभाग द्वारा 18 अक्तूबर को सोनीपत में जिलास्तरीय गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के तीन मेधावी विद्यार्थी सक्षम मोर, हिमांशु कुंडू और आयुष अग्रवाल की टीम ने अपनी सभी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पराजित करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा ली गई थी जिसमें भी उक्त तीनों मेधावी अव्वल रहे।



### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम

**गोहाना।** शहर में जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जैन मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र जैन ने की। संचालन प्राचार्य कृष्ण दुरेजा ने किया। मुख्य अतिथि जैन समाजसेवी जय कुमार जैन, महंत जैन व सुरेश कुमार जैन रहे। स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, लविषा द्वितीय व यशिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में अंशिका पहले, जतिन दूसरे और डिंपी व रचना संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही।

**कार्यक्रम** भगत फूल सिंह महिला विवि के विधि विभाग के भाषा दक्षता क्लब का आयोजन

# छात्राओं ने साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं नाट्य कार्यक्रम यूफोरिया में दिखाई प्रतिभा

रचनात्मक प्रतिभा को आगे लाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में इस प्रकार के आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं

- कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार तथा विधि विभाग की अध्यक्षा डॉ. सीमा दहिया उपस्थित रहे।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना**




**गोहाना।** महिला विवि के विधि विभाग में आयोजित यूफोरिया के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग के भाषा दक्षता क्लब द्वारा साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं नाट्य कार्यक्रम यूफोरिया (सीजन 2) का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को आगे लाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में इस प्रकार के आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार तथा विधि विभाग की अध्यक्षा डॉ. सीमा दहिया उपस्थित रहे। क्लब को-ऑर्डिनेटर डॉ सुमन दुहन ने बताया कि कुलपति प्रो. सुदेश की प्रेरणा से भाषा दक्षता क्लब द्वारा वर्ष 2023 में छात्राओं को अपने विचारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूफोरिया कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। इस कार्यक्रम में बीए-एलएलबी एवं बीबीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष की 146 छात्राओं ने वाद-विवाद, नाटक, नृत्य एवं मूक अभिनय में भाग लिया तथा भारत की प्रसिद्ध हस्तियों के जीवन वृत्त को प्रस्तुत किया। बीए-एलएलबी चतुर्थ वर्ष की छात्राओं आकांक्षा और रूपल को क्लब का सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी समन्वयक घोषित किया गया। इस अवसर पर निदेशक जनसंपर्क ले. कर्नल (डॉ) अनिल बल्हारा, आयोजन समिति की सदस्य डॉ. कविता सहित विभाग के प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रही।



**सोनीपत।** प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजित

**सोनीपत।** सीआरए महाविद्यालय के प्रांगण में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस आयोजन में छात्राओं ने प्राध्यापिकाओं के हाथों पर फूल- पत्तियां के आकार व विभिन्न चित्रात्मक शैली में मेहंदी रचाई। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का यह आयोजन कार्यक्रम संयोजिका डॉ. ऊषा दहिया की अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने विजेता विद्यार्थीयों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों में निशा प्रथम स्थान, खुशी द्वितीय स्थान, कंचन व भारती तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. निधि व प्रो. सुप्रिया ने सहयोगी सदस्य की भूमिका निभाई।

### विज्ञान प्रश्नोत्तरी में छात्राएं रही द्वितीय

**खरखौदा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जिला भर से 21 टीमों ने भाग लिया। खरखौदा खंड के कल्पना चावला विद्यापीठ ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। पहला राउंड क्वालीफाइंग राउंड में 21 टीमों में से 8 टीमों को चुना गया। उसके बाद एक्टिविटी राउंड, विजुअल राउंड तथा रैपिड फायर राउंड कराया गया।

**सूचना**

मैं, श्रीमती मेवा देवी विधवा स्व. ईश्वर निवासी गांव गुमड़ तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रोहित तथा मेरी पुत्रवधु चांदनी मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप


सोनीपत। कार्यक्रम में उपस्थित संगत।

### गुरु रामदास का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

**सोनीपत।** गुरूद्वारा श्री गुरु रामदास सिंह सभा माडल टाउन में गुरु रामदास का प्रकाश पर्व मनाया गया। जिसमे पंथ के प्रचारक बाबा बंता सिंह ने गुरु इतिहास द्वारा संतों को निहाल किया और बताया कि कैसे गुरु घर की सेवा कर जेठा से रामदास और रामदास से गुरु रामदास बने। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर असंध पानीपत की संगतों को बधाई देने पहुंचे।

### पुलिसकर्मी पर हमले के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने लड़ाई झगड़े की कॉल पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारी पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नितिन उर्फ टॉपर निवासी कासंडा हाल मयूर विहार, जतिन उर्फ यश निवासी कोट मोहल्ला का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### इंडिया स्कूल रैंकिंग में हासिल किया पहला रैंक



**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत देवडू रोड को इंडिया स्कूल रैंकिंग 2024-25 में हरियाणा के सोनीपत शहर, सर्वोच्च सम्मान रैंक -1से, सम्मानित किया गया। विद्यालय चेयरमैन एसके शर्मा ने कहा कि यह पल विद्यालय के लिए बड़े ही हर्ष और उल्लास का पल है। विद्यालय निदेशक धीरज शर्मा ने प्रधानाचार्य सहित ऋषिकुल परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह हम सब के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा ने शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा, उपप्रधानाचार्या कृति चौधरी ने बधाई दी।

### जिले में डेंगू का प्रकोप, मरीजों का आंकड़ा 169 पर पहुंचा

# डेंगू का वार्ड होने के बावजूद मरीज आपातकालीन वार्ड में भर्ती कर रहे

आपातकालीन कक्ष में नहीं है मच्छरदानी
*स्टाफ को उठानी पड़ रही परेशानी*

**आपातकालीन कक्ष में पथरी के मरीज को वार्ड में किया शिफ्ट, वार्ड के चिकित्सक ने वापस नीचे भेजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

जिले में डेंगू का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पतालों में डेंगू वार्ड स्थापित किए हुए है। जहां पर मच्छरदानी की सुविधा दी हुई है। वहीं जिले के नागरिक अस्पताल में डेंगू वार्ड स्थापित होने के बावजूद बुखार से ग्रस्त मरीज को आपातकालीन कक्ष में रखा जा रहा है। जहां पर मच्छरदानी की व्यवस्था नहीं है। उसके बावजूद मरीज को कक्ष के वार्ड में भर्ती किया हुआ है। वार्ड में मरीज के भर्ती होने के चलते स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल में चिकित्सकों की मनमर्जी के सामने मरीज परेशान है। आपातकालीन कक्ष से उपचार देने के बाद मरीज को वार्ड में शिफ्ट करने से मना कर दिया। जिसके चलते मरीज नाराज होकर निजी अस्पताल में उपचार के लिए चला गया। अस्पताल प्रबंधन को इस संबंध में अवगत करवाया गया है। बता दें कि जिले में डेंगू बुखार का आंकड़ा तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिले में शनिवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार तीन मरीज नए आने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद से मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 169 पहुंच गया है। वहीं एक संदिग्ध मरीज की दिल्ली में मौत होने की सूचना भी है। जिसकी जांच विभाग की तरफ से की जा रही है। वहीं मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सीएचसी व पीएचसी स्तर पर बेड निर्धारित किए हुए है। नागरिक अस्पताल में डेंगू वार्ड में एक मरीज मौजूदा समय भर्ती है। वार्ड में प्रबंधन की तरफ से हर बेड पर मच्छरदानी की व्यवस्था की हुई है। उसके बावजूद बुखार से ग्रस्त मरीज को आपातकालीन कक्ष में भर्ती कर रखा है। शहर के वेस्ट राम नगर निवासी अरमान जिसकी आयु महज 13 साल है। वह डेंगू बुखार से ग्रस्त है। शनिवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार उसकी प्लेट्स एक लाख से ज्यादा मिली है। उसे आपातकालीन कक्ष में भर्ती किया हुआ है। जबकि कक्ष में मच्छरदानी तक की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में मरीज के परिजनों व कक्ष में तैनात स्टाफ कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


सोनीपत। द्वितीय तल पर स्थित डेंगू वार्ड।


सोनीपत। आपातकालीन कक्ष में भर्ती डेंगू का मरीज अरमान।

**मरीज को शिफ्ट के चक्कर में उलझाया नाराज होकर निजी अस्पताल में गया**

नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में आपात स्थिति में पहुंचे पबसरा निवासी सुधीर को शुक्रवार को भर्ती किया गया। रात भर कक्ष में भर्ती रहने के बाद शनिवार सुबह मरीज को चिकित्सक की तरफ से वार्ड में शिफ्ट किया गया, जानकारी मिली कि वार्ड में तैनात चिकित्सक ने उसे भर्ती करने से मना कर दिया। उसे वापस आपातकालीन कक्ष में भेजा गया। जिससे नाराज मरीज निजी अस्पताल में चला गया। जहां उसने अपना उपचार करवाया।

**छात्र ने लगाया मरीज को कैनूला, चिकित्सक ने लगाई डांट**

नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। कक्ष में आपात स्थिति बताकर मरीजों उपचार के लिए आ रहे है। वहीं शहर के निजी कॉलेज के छात्र-छात्राएं जोकि नर्सिंग कोर्स कर रही है। हाल में उनकी ट्रेनिंग भी अस्पताल में चल रही है। शनिवार को एक ट्रेनी छात्र ने मरीज को कैनुला लगा दिया। जिसके बाद उसके हाथ में कैनुला ठीक से नहीं लग पाया। कक्ष में ओपीडी के लिए उपचार के लिए बुलाई बाल रोग विशेषज्ञ डा. अलिकृता गैरा पहुंची। जहां उन्होंने छात्र व स्टाफ कर्मी को डांट लगाई। छात्र-छात्राओं को नर्सिंग अधिकारी व चिकित्सक की देखरेख में केनूला व इंजेक्शन लगाने की बात कही।

**स्पेशल वार्ड बना**

डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों के लिए स्पेशल वार्ड स्थापित किया हुआ है। आपातकालीन कक्ष व वार्ड में महज 14 ही बेड है। जो कि आपात स्थिति के लिए होते है। मरीज की हालत गंभीर नहीं है, तो उसे वार्ड में शिफ्ट करना चाहिए। ताकि आपातकालीन स्थिति में आए मरीज को बेड मिल सके। वहीं मरीज को शिफ्ट करने व उसे भर्ती न करने का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में जानकारी हासिल करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
**-डा. गिन्नी लांबा,** कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

## महिला से लूट की वारदात में शामिल बदमाश पकड़ा


सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

**कोर्ट में किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा**

क्राइम यूनिट सेक्टर-3 ने चाकू की नोक पर महिला से लूट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राकेश निवासी टिकरी खुर्द दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। नरेला निवासी दीक्षा ने 14 मार्च 2020 को शिकायत देकर बताया था कि वह औद्योगिक क्षेत्र कुंडली में नौकरी करती है। उसके बाद देर शाम अपनी कंपनी से छुट्टी करके पैदल-पैदल कुंडली की तरफ जा रही थी। जब वह कंपनी के पास पहुंची। उसी दौरान पीछे से एक मोटरसाइकिल आकर रूकी। बाइक पर तीन लड़के सवार थे। एक लड़के ने उसकी कमर में चाकू लगा दिया। उसके बाद गले से सोने की चेन, मोबाइल फोन व बैग से 12 हजार रुपये की राशि छीन ली। पुलिस आयुक्त कार्यालय की तरफ से गत 31 मई को पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। मामले में उप निरीक्षक पवित्र की टीम ने फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### खरखौदा क्षेत्र से बूम लिफ्ट आपरेटर की बाइक चोरी

**खरखौदा।** आईएमटी में मारुति कंपनी के प्लांट का निर्माण कार्य करने में सहयोगी कंपनी के एक बूम लिफ्ट आपरेटर की बाइक चोरी हो गई। सैदपुर चौकी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश के जिला बुलंदशहर के पीरपुर गांव के रहने वाले राहुल का कहना है कि वह सुपर टेक इंजीनियरिंग कंपनी में बूम लिफ्ट आपरेटर है, उनकी कंपनी हाल समय में आईएमटी खरखौदा में मारुति के प्लांट के निर्माण में बिल्डिंग बना रही है। कंपनी ने ही साइट पर आवाजाही के लिए उसे बाइक दी हुई थी, जिसे उसने ड्यूटी पर पहुंकर गेट के बाहर खड़ा किया था। जब वह ड्यूटी करके लौटा तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी।

## 186 ने किया रक्त का दान

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

एक निजी कंपनी और मां भारती द्वारा भारतीय सेना के लिए कुंडली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय सेना को मोटरसाइकिल सवार तिरंगावीरों की उपस्थिति और देशभक्ति से ओतप्रोत गानों के बीच रक्तदान शिविर तक लाया गया। कैम्प में कुल 186 रक्तवीरों ने भारतीय सेना के लिए रक्तदान करके अपने नैतिक कर्तव्य का निर्वहन किया और रक्तदान के प्रति अन्य युवाओं को प्रेरित किया। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम, भाजपा युवा मोर्चा से मनीष राई, संदीप पाराशर कंवाली, मोहित



चोटीवाला राठधना ने विशेष रूप से शिरकत की और रक्तवीरों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर आदित्य गुप्ता, अशोक सूर्या, संदीप गर्ग, सुरेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, सचिन चौहान, हरिओम भारद्वाज, पवन सरोहा, विजय कादियान, पिंकी, मनीषा आदि मौजूद रहे।

## गोहाना के विकास में कमी नहीं रहेगी

**गोहाना।** गोहाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शनिवार को एक दर्जन से अधिक गांवों का धन्यवादी दौरा किया। वे बोले कि यह गोहाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों का ही प्यार है जो उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद मिला। लोगों के इसी प्यार और विश्वास पर आगे बढ़ते हुए गोहाना क्षेत्र के विकास में कोई कौर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान उनकी पत्नी रिटा शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहीं। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गांव बड़वासनी, रतनगढ़, करेवड़ी, जुआं, ट्राली, रोलद, सरगथल, कासंडी, कासंडा, खानपुर, गामड़ी और गढ़ी उजाले खां का धन्यवादी दौरा किया। नायब सैनी ने मुख्यमंत्री पद पर बाद में ज्वाइनिंग की पहले प्रदेश के योग्य 24 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियों में पहले ज्वाइन करवाने का कार्य कर चुनावी वादे को पूरा किया।


गन्नौर। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा एवं उनकी पत्नी डॉ रीटा शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन करतीं महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

**कुलपति ने मंत्री का किया स्वागत**

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री के पद की शपथ लेने के बाद पहली बार महिला विवि पहुंचने पर कुलपति प्रो. सुदेश सहित विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों ने डॉ. अरविंद शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## अगले सप्ताह शहर के हर वार्ड में शुरू होंगे विकास कार्य : निखिल मदान

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने कहा कि अगले सप्ताह शहर के सभी वार्डों में सीवरेज, पेयजल आपूर्ति से संबंधित और गलियों को पक्का करने से लेकर विभिन्न विकास कार्यों को शुरू किया जाएगा। नॉन स्टॉप हरियाणा की तरह सोनीपत भी नॉन स्टॉप विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। विधायक निखिल मदान शनिवार को सेक्टर 14 में पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का शुभारंभ किया। वार्ड 3 के सेक्टर 14 में जानकीदास स्कूल वाली रोड पर चिंतपूर्णी मंदिर के सामने वाली गली में स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने और सीसी से गली को पक्का करने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य को नगर निगम द्वारा 68 लाख रकी लागत से पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही पूर्व में सेक्टर 14 में डाली गई स्टॉर्म वाटर लाइन वाले हिस्से को भी सीसी से पक्का किया जाएगा। मौक़े पर निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, निगम कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार, महावीर नासा, अजय बत्रा, हंसराज लूथरा, अमन दुरेजा, ओपी गुप्ता, अमित सुखीजा, राजेंद्र भाटिया, अशोक सैनी, शशिकरण नासा, संजय ढींगड़ा, मुकेश सिंगला सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक निखिल मदान साथ में अन्य।



### छात्रों ने नाटक के माध्यम से जागरूक किया

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में चौथी और पांचवी कक्षा के बच्चो ने इंटरनेशनल गर्लचाईल्ड डे पर नाटक मंचन के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन नैना और निहारिका ने किया। रीतिशा ने मनमोहक कविता प्रस्तुत की। सुनिधि ने भाषण के माध्यम से समझाया कि लड़कियां ही सृष्टि का आधार है, इसलिए उनको बचाने के साथ- साथ अच्छी परवरिस और अच्छी शिक्षा देना नितांत आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता और समंविका नेहा सिंधु ने बताया कि हमारे वेढ़ों में कहा गया है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। अपने पुराणों की भाषा को सार्थक करते हुए हमें न केवल लड़कियों को बचाने का बल्कि उन्हे आगे बढ़ाने का भी हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### बाल भवन में चौथे दिन भी प्रतियोगिताएं

**सोनीपत।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में आयोजित बाल महोत्सव-2024 के चौथे दिन समूह नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति समूह गायन, थाली पूजन व कलश डेकोरेशन, बेस्ट ड्रामेबाज, प्रश्नोत्तरी, अग्रेजी व हिन्दी हस्तलेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान करवचौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बच्चों ने बढ़चढक़र भाग लिया। इस दौरान निर्णायक मंडल सदस्य में दीक्षित, सीमा, शैलजा, अनीता, मोनिका दहिया, सविता, सुनील संत, सुमन मंजू, सुनिता, निकेंदर, रीना, राहुल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंच सचालंन शिक्षा विभाग से एपीसी अत्तर सिंह व पूनम द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया।

### हरियाणा स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में छाया कुणाल, जीता गोल्ड

**सोनीपत।** 57वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2024 में साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ी कुणाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता 9 से 13 अक्टूबर तक फरीदाबाद में आयोजित की गई थी। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विजेता खिलाड़ी का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि 57वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2024 फरीदाबाद के मानव रचना पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी। जिसमें स्कूल की तरफ से अंडर-13 आयु वर्ग की डबल्स स्पर्धा में सातवीं कक्षा के कुणाल ने अपने पार्टनर के साथ मिलकर शानदार खेल दिखाया और डबल्स फाइनल में टॉप सीडेड पेयर को हराकर गोल्ड मेडल जीता। कुणाल ने फाइनल में अपने पार्टनर के साथ शुरू से ही अटेकिंग रुख अपनाए रखा। पहले सेट में 21-18 के अंतर से जीतकर लीड हासिल की। दूसरे सेट में उन्होंने सीडेड पेयर को पूरी तरह बैकफुट पर रखा और 21-14 के अंतर से सेट जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, साउथ पॉइंट स्कूल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने स्वर्ण पदक विजेता को बधाई दी।


सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी अधिकारी डॉ. ममता सचदेवा के साथ पदक दिखाते कुणाल।

## बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी देने पर जताया मुख्यमंत्री सैनी का आभार

- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी को दी बधाई

**राई।** तीसरी बार प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शपथग्रहण के बाद पहली कलम से करीब 25 हजार युवाओं को रोजगार दिया, जिसके लिए विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना पर्ची-खर्ची के प्रदेश के हजारों युवाओं को पहली कलम से नौकरी देने का काम किया है। बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी हासिल करने वाले राई हलके के दर्जनों युवाओं ने राई की विधायक कृष्णा गहलावत से मुलाकात कर मोहित कुमार, सन्नी कुमार, रूपेश, पवन कुमार, ललित, अंकित, शंकर, अनिल, संदीप, सचिन, सोनू, आदेश, राकेश, मोहित, सूरज, दीपक, बिजेंद्र, रोहित आंतिल, विकास, हितेश आदि युवाओं ने कहा कि उनकी मेहनत को प्रदेश सरकार ने साकार किया है। उन्हें बिना किसी सिफारिश के नौकरी मिली है। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साउथ अफ्रीका के सनशाइन सिटी में 4 से 14 अक्तूबर तक आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली विधि कौशिक को बधाई देते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विधि ने इंगलैंड, रूस, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका आदि देशों की खिलाड़ियों को हराकर 43 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्णिम पताका फहराई।


राई। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत युवाओं को रोजगार मिलने पर बधाई देते हुए।

## साइकिल दौड़ में एंजेल ने जीता सोना

**हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ की ओर से आयोजित प्रतियोगिता सम्पन्न**

**गोहाना।** हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ द्वारा गोहाना में आयोजित की गई तीन दिवसीय साइकिलिंग प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हो गई। अंडर 14 आयु वर्ग में लड़कियों की 10 किलोमीटर की दौड़ में करनाल की एंजेल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। फतेहाबाद की गजल ने रजत और कुरुक्षेत्र की निकिता ने कांस्य पद हासिल किया। इसी वर्ग में लड़क्रों में 15 किलोमीटर की दौड़ में कुरुक्षेत्र के तनिष्क पहले, कुरुक्षेत्र के ही नीरज दूसरे व फतेहाबाद के गुंजन गोदारा तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 16 में लड़क्रों की 20 किलोमीटर की इंडिविजुअल टाइम ट्रायल इवेंट में झज्जर के सन्नी ने स्वर्ण, पानीपत के मोक्ष ने रजत और हिसार के अभिषेक में कांस्य पदक हासिल किया। अंडर 16 लड़क्रों की 50 किलोमीटर माश स्टार्ट इवेंट में पानीपत के मोक्ष अनेजा ने स्वर्ण, कुरुक्षेत्र के विवेक ने रजत और हिसार के प्रदीप ने कांस्य पदक जीता। अंडर 16 लड़कियों के 40 किलोमीटर माश स्टार्ट इवेंट में फतेहाबाद की आशा रानी ने स्वर्ण, फतेहाबाद की ही शोभा ने रजत और करनाल की शगुन कांस्य पदक जीता। अंडर 14 लडक्रों की 20 किलोमीटर टीम टाइम ट्रायल में कुरुक्षेत्र की टीम ने स्वर्ण, फतेहाबाद ने रजत और करनाल की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर 14 लड़कियों की 20 किलोमीटर टीम टाइम ट्रायल में फतेहाबाद ने स्वर्ण, झज्जर ने रजत और करनाल की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर 16 लडक्रों की 30 किमी टीम टाइम ट्रायल में फतेहाबाद की टीम ने स्वर्ण कुरुक्षेत्र ने रजत तथा हिसार की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

### बेटे की मौत के लिए कंपनी की लापरवाही को ठहराया जिम्मेदार

**खरखौदा।** सैदपुर में संचालित एक कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पिपली की महिला द्वार पुलिस को शिकायत देते हुए केस दर्ज करवाया गया है। महिला के बेटे की करीब सवा साल पहले कंपनी में हुए हादसे में मौत हो गई थी। अब महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। दर्शना का कहना है कि उसका बेटा सैदपुर स्थित अजीत इंडस्ट्रीज में सफाई का काम करता था। उसका काम कंपनी के अंदर साफ-सफाई का था, लेकिन गत वर्ष 13 जून को कंपनी में ही उसे साफ-सफाई के लिए टाप फ्लोर पर बगैर सुरक्षा उपकरण दिए चढ़ा दिया गया। जहां पर सोलर पैनल की सफाई करवाने के साथ ही लोहे की प्लेट साफ कर रहा था, इसी दौरान वह उस लोहे की प्लेट सहित नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। कंपनी की तरफ से वहीं पर काम करने वाले उसके बड़े बेटे तक को यह बात नहीं बताई गई। मंजीत को इलाज के लिए ना ले जाकर सोनीपत ले जाया गया।

### विधायक देवेंद्र व मनोज तिवारी ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# करनाल वारियर्स ने पानीपत टीम को हराकर खिताब जीता

**5 दिवसीय हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग सीजन 3 का समापन**

**विधायक देवेंद्र कादियान व नेता एवं स्टार मनोज तिवारी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

शेखपुरा के यूनिक क्रिकेट स्टेडियम में चल रही 5 दिवसीय हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग सीजन 3 का समापन हो गया। फाइनल मुकाबला पानीपत व करनाल वारियर्स के बीच खेला गया। रोचक मुकाबले में करनाल वारियर्स टीम ने खिताब पर अपना कब्जा जमाया। इस टूर्नामेंट में करनाल वारियर्स टीम कप्तान सेंडी का जलवा रहा। मैन आफ द मैच और सीरीज का खिताब सेंडी के नाम रहा। समापन पर बतौर मुख्यातिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान व भाजपा नेता एवं भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी ने शिरकत की और विजेता टीम और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। एचसीसीएल लीग सीजन थ्री के फाइनल मुकाबला में करनाल टीम कप्तान अमीन ब्रॉडी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में 159 रन का स्कोर खड़ा किया। स्कोर का पीछा करने उतरी करनाल वारियर्स टीम ने जीत हासिल करने को लेकर पसीना बहाया। 19.3 ओवर में 5 विकेट गवां कर 160 रन बनाने के साथ ही ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया।

वीनर टीम को 3 लाख, सेकंड टीम को 2 लाख रुपए का इनाम और मैन आफ द सीरीज खिलाड़ी को बाइक देकर सम्मानित किया गया। भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी व विधायक देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा सेलिब्रेटी ने क्रिकेट खेलकर युवाओं को अच्छा संदेश दिया है। युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ अपना मनपंसद खेल खेलना चाहिए। एक अच्छा खिलाड़ी समाज को सही राह दिखा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है और उच्च लेवल पर मेडल जीतने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। जगह-जगह खेल नर्सरियां खोली जा रही है, जिससे की युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का मौका मिल सके। समापन पर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान व नेता एवं स्टार मनोज तिवारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राममेहर मेहला, सुरेंद्र रोमियो, अमित ढूल, केपी कुंडू, बिंटू पाबरा, विकास राजना, डी नवीन, हर्ष छिक्कारा, आजाद खांडा खेड़ी, आशू धक्कल, यूके हरियाणवी, मुकेश जाजी, सुशील मस्ताना आदि सेलिब्रेटी मौजूद रहे।


गन्नौर। देवेंद्र कादियान व भाजपा नेता मनोज तिवारी का स्वागत करते अजय गोयल।